दिनांक 29 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शास्त्री नगर के 97 स्थलों से एकत्र किया गया पानी का सैंपल, लैब में हो रहा है परीक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 19 शास्त्री नगर के विभिन्न जल स्रोतों से 97 सैंपल लिए जा चुके हैं! लिए गए सैंपल का 77 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में परीक्षण किया जा रहा है पानी सैंपल के टर्बीडीटी, पीएच, टीडीएस, टोटल हार्डनेस, क्लोराइड, फ्लोराइड, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन एवं बैक्टीरिया परीक्षण किया जा रहा है! जोन के अधिकारी एवं जल विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों ने शास्त्री नगर के सलीम खान, पंप हाउस नंबर दो, शुभम के घर के पास पावर पंप का पानी, भगवती के घर के पास पावर पंप का पानी, पावर पंप टंकी एक एवं दो, लतीफ खान के घर का पानी, उमेश पटेल के घर का पानी, धर्मेंद्र मेहता के घर का पानी, हरीनाथ निषाद के घर का पानी, गोपीचंद, विनोद कुमार, विशाल, शिवजी सिंह, पप्पू रात्रे, मंजू रात्रे एवं सुग्रीव सहित अन्य घरों एवं अलग-अलग जल स्रोतों से 97 सैंपल एकत्रित किए हैं जिसका परीक्षण लैब में किया जा रहा है! जोन आयुक्त जोन क्रमांक दो सुनील अग्रहरि, कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम शास्त्री नगर क्षेत्र में पहुंचकर पानी का सैंपल एकत्रित कराएं! पानी को स्वच्छ एवं शुद्ध करने के लिए क्लोरीन टेबलेट का वितरण शास्त्री नगर क्षेत्र के घरों में किया जा चुका है और इसके उपयोग के तरीके भी बताए जा रहे हैं! जल जनित बीमारी पीलिया से बचाव के लिए निगम भिलाई द्वारा अपील की जा रही है कि शुद्ध एवं स्वच्छ पानी का ही उपयोग पीने के लिए करें पानी को उबालकर एवं छानकर उपयोग में लाएं!